Name		Roll Number	

SET B

INDIAN SCHOOL MUSCAT
MIDDLE SECTION
ANNUAL EXAMINATION 2019-20

HINDI (THIRD LANGUAGE)

Code:MZHN309

CLASS: VIII

Time Allotted: 2 Hrs.

Max .Marks: 80

11.03.2020

Marks

प्रश्न 1 दिए गए वाक्यों को ध्यान से पढ़कर किसने, किससे कहा लिखिए। **1×2=2**

1 "मेरे तो सिर्फ़ दो ही दोस्त हैं।मैं नहीं जानता कि तुम्हारे इतने सारे दोस्त कैसे हो गए।"

2 "आप की मुसीबत सुन चुका हूँ।भैया कहाँ हैं? मुझे दिखा दीजिए।"

प्रश्न 2 दिए गए वाक्यों को पठित पाठ के आधार पर सही या गलत पहचानकर लिखिए। **1×3=3**

1 मृणालिनी और कैलाश सहपाठी थे। ______

2 नारायण पढ़ाई में होशियार था। ______

3 अध्यापक हमारे आलस दूर भगा देते हैं। ______

प्रश्न 3 दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति पठित पाठ के आधार पर कीजिए। **1×4=4**

1 ऐसे लड़के को अपना _____ कहने में शर्म लगती है।

2 संसार में कई मनुष्य अपने मज़े के आगे किसी की ________ नहीं करते।

3 कलियाँ पलकें ________ लगी हैं।

4 उसके पैरों पर गिर कर अपने ________ के लिए क्षमा माँगूगा।

प्रश्न 4 नीचे लिखे शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए। **1×3=3**

1 हिम्मत 2 बरबाद 3 रईस

प्रश्न 5 नीचे लिखे शब्दों के अर्थ हिंदी में लिखिए। **1×8=8**

(क) पथिक (ख) भूमि (ग) दर्शन (घ) किरणें
(ङ) पशु (च) उजाला (छ) दमकना (ज) खुश

प्रश्न 6 दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए। 2×7=14

1 कैलाश को किस चीज़ का शौक था ?

2 नारायण का कोई भी दोस्त उसकी मदद के लिए क्यों तैयार नहीं था?

3 भगत के पुत्र की मृत्यु हो जाने पर भगत का जीवन कैसा हो गया?

4 हम सबको सुबह-सवेरे क्या करना चाहिए?

5 अंत में नारायण को क्या समझ आया?

6 भगत डॉक्टर चड्ढा के पास क्यों गया था?

7 सूरज निकलने पर प्रकृति में क्या-क्या परिवर्तन आते हैं?

प्रश्न 7 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए। (Any two) 2x3=6

1 सच्चे और झूठे दोस्तों के अंतर को पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

2 "महापुरूष कहलाते वे" शीर्षक कविता का केंद्रीय भाव लिखिए।

3 मंत्र कहानी के कहानीकार कौन हैं ? यह कहानी हमें क्या शिक्षा देती है?

प्रश्न8 दिए गए वाक्यों में से सही अव्यय शब्द पहचान कर लिखिए। 1×4=4

1 विद्यालय के सामने मैदान है।

2 गिलहरी धीरे-धीरे खा रही है।

3 बाहर तेज़ धूप है इसलिए बच्चे नहीं खेल रहे हैं।

4 शाबाश! अगली बार भी ऐसे ही चित्र बनाना।

प्रश्न 9 दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित अव्यय शब्दों से कीजिए। 1×2=2

(क) 1 मैं तो चला जाऊँगा, ——— तुम्हें भी आना पड़ेगा।

2 ——— कितना सुंदर लेख है।

(ख) **नीचे लिखे अव्यय शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए।** 1×2=2

1 दिनभर

2 के ऊपर

प्रश्न10 नीचे दिए गए अशुदध शब्दों का शुदध रूप लिखिए। 1×2=2

1 दयालू 2 महत्व

प्रश्न11 नीचे दिए गए अशुदध वाक्यों को शुदध करके लिखिए। 1×2=2

1 हमारा घर में मेहमान आए हुए है।

2 इस फूलों से खूशबू आ रही हैं।

प्रश्न12 नीचे दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्द व क्रिया-भेद पहचान कर उनके नाम लिखिए। 1×4=4

1 चिड़िया दाना चुगती है।

2 मृणालिनी ने दरजी से कपड़े सिलवाए।

3 संजय कुर्सी पर बैठा है।

4 मेरी माँ मुझे पढ़ाती हैं।

प्रश्न13 नीचे लिखे विशेषण शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए। **1×2=2**

1 मेहनती

2 कुछ

प्रश्न14 दिए गए वाक्यों को अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए । **1×2=2**

1 कैलाश जोर से हँसा।

2 मेरे भाई ने दूध पीया।

प्रश्न15 दिए गए वाक्यों को हिंदी में अनुवाद कीजिए। **1×2=2**

1 My mother went to market.

2 Boys read the book.

प्रश्न16 **नीचे दिए गए चित्र का वर्णन 25 से 30 शब्दों में कीजिए।** **3**



प्रश्न17 नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **1×5=5**

कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है। यह केवल नीति और सद्वृति का ही नाश नहीं करता, बल्कि बुद्धि का भी क्षय करता है।किसी युवा पुरुष की संगति यदि बुरी होगी तो वह उसके पैरों में बँधी चक्की के समान होगी, जो उसे दिन-रात अवनति के गड्ढ़े में गिराती जायेगी और यदि अच्छी होगी तो सहारा देने वाली बाहु के समान होगी, जो निरंतर उन्नति की ओर ले जायेगी।

इंग्लैंड के एक विद्वान को युवावस्था में राज-दरबारियों में जगह नहीं मिली।इस प्रकार ज़िंदगी भर वह अपने भाग्य को सराहता रहा।बहुत-से लोग तो इसे अपना बड़ा भारी दुर्भाग्य समझते, पर वह अच्छी तरह जानता था कि वहाँ वह बुरे लोगों की संगति में पड़ता, जो उसकी आध्यात्मिक उन्नति में बाधक होते।

1 कुसंग का ज्वर कैसा होता है?

2 कुसंग का ज्वर किस-किस का नाश करता है?

3 युवा- पुरुष की बुरी संगति किसके समान होती है?

4 अच्छी संगति का क्या परिणाम होता है?

5 निम्नलिखित श्ब्दों का विलोम शब्द उपयुक्त गद्यांश से ढूँढकर लिखिए।

(क) रात (ख) अवनति

प्रश्न18 **स्थानांतरण के लिए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक आवेदन पत्र लिखिए।** **5**

या

वार्षिक परीक्षा की तैयारी का वर्णन करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

प्रश्न19 **किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **5**

1 मेरा प्रिय पर्व **2** जल प्रदूषण **3** समाचार पत्र

End of the question paper.